## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रदेश में डायरिया और मलेरिया से हो रही मौतों पर हाई कोर्ट ने मुख्य सचिव से मांगा जवाब

**बिलासपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में डायरिया और मलेरिया से हो रही लगातार मौतों पर स्वत: संज्ञान लेते हुए गुरूवार को हाई कोर्ट में जनहित याचिका मानकर सुनवाई की। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के डिवीजन बेंच ने अव्यवस्था पर प्रदेश के मुख्य सचिव से जवाब मांगा है। ज्ञात हो कि जिले में 7 जुलाई से लेकर अब तक 501 मरीजों की डायरिया और मलेरिया की चपेट में आने की पुष्टि हो चुकी है। इनमें से 29 मरीज उपचार के बाद स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं जिले के अलग अलग उप स्वास्थ्य केंद्रों और स्वास्थ्य केंद्रों में 72 मरीजों का उपचार जारी है। इस बीच 1 की डायरिया से मौत हो चुकी है। मामले में हाई कोर्ट ने गंभीरता दिखाते हुए जनहित याचिका मानकर मामले की सुनवाई कर रही है। मामले में चीफ जस्टिस के डिवीजन बेंच ने प्रदेश के मुख्य सचिव से जवाब मांगा है।

### शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा दिलाने के नाम से 44 लाख की ठगी, एक आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** शेयर ट्रेडिंग में मुनाफ ा दिलाने के नाम से 44 लाख की ठगी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को दुर्ग से गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संजय वर्मा पिता विनोद वर्मा उम्र 44 वर्ष निवासी गोल्डन टावर अमलीडीह ने 2 जुलाई को थाना न्यू राजेंद्र नगर रायपुर ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफ ा कमाने के नाम से उनसे 44 लाख की ठगी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में थाने में धारा 420,34 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना के लिए रेंज साइबर थाना रायपुर को भेजा गया था। मामले में पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा के निर्देशानुसार विवेचना क्रम में रेंज साइबर थाना द्वारा ठगी की राशि 13 लाख को विभिन्न बैंक अकाउंट में होल्ड कराया गया। तथा तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए गए। आरोपियों द्वारा मोबाइल नंबर 9109750934 से प्रार्थी को वॉट्सएप कॉल कर झांसा में लिया गया था, उक्त नंबर का धारक परमेश्वर निवासी कुथरेल दुर्ग से पूछताछ पर उक्त नंबर को नही जानना बताया था। कंपनी का एजेंट विक्की देवांगन दिनांक 14 फरवरी को परमेश्वर के अन्य मोबाइल नंबर को पोर्ट करते समय फि ंगर का दो बार स्कैन करवा कर एकस्ट्रा सिम एक्टिव कर लिया था, बाद में उस सिम को अधिक राशि लेकर बेच दिया था। मामले में आरोपी विक्की देवांगन को गुरूवार 18 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था जिसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्रावास अधीक्षक एवं अधीक्षिका के पदों पर दस्तावेज सत्यापन 22 को

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका के पदों पर आठवें चरण के दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों को दिनांक 22 जुलाई 2024 को समय प्रात: 09.30 बजे शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायपुर, विधान सभा रोड, सड्डू, रायपुर में बुलाया गया है। इस हेतु संबंधित अभ्यर्थियों को एसएमएस/ व्हाट्सएप्प पर भी सूचना भेजी जा रही है। कट ऑफ मार्क्स संचालनालय की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। उक्त चरण में रिक्त पदों के विरूद्ध लगभग 03 गुना या सामान प्राप्तांक होने पर उक्त प्राप्तांक धारक सभी अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया गया है। सभी अभ्यर्थी अद्यतन जानकारी हेतु निरंतर संचालनालय की वेबसाइट तथा अपने लॉगिन आईडी का नियमित अवलोकन करते रहें। दस्तावेज सत्यापन उपरांत संबंधित अभ्यर्थी आगामी दिवस को दोपहर 01.00 बजे तक उसी स्थल पर पंजीयन प्रभारी के पास अपना दावा/ आपत्ति भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

# देश भर में हो रही जशपुर जिले के जशप्योर उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री : आदिवासी महिलाओं के परिश्रम की मिठास अब पूरे भारत में

- कोदो, कुटकी, रागी, टाऊ एवं महुआ से बने उत्पादों की देश भर में मांग

**रायपुर । आरएनएस**




छत्तीसगढ़ का जशपुर जिला अपनी हरी-भरी वादियों के और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। यह जिला लोगों को प्रकृति से जोड़ता है और ताजगी का अनुभव करता है। जैसे-जैसे मानसून आता है इसकी खूबसूरती और निखरकर सामने आती है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विविधता का मेल अद्वितीय है। इसी क्षेत्र से उत्पन्न हुआ है 'जशपुर ब्रांड' जो आदिवासी महिलाओं द्वारा बनाए गए उच्च गुणवत्ता वाले और स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों को बाजार में प्रस्तुत करता है। अब यह ब्रांड केवल स्थानीय बाजार तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे भारत में अपनी जगह बना चुका है, चाहे वह ऑनलाइन हो या ऑफलाइन।

**महिला समूह की मेहनत का प्रतिफल है जशप्योर**

जशपुर जिला हर क्षेत्र में बेहतर कर रहा है। यहां की महिलाएं भी कामयाबी की नई इबारत लिख रही हैं। जशपुर ब्रांड इसी का एक बेहतर उदाहरण और उत्कृष्टता का प्रतीक है। जशपुर ब्रांड के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के उत्पाद उपलब्ध हैं, जिनमें सबसे अधिक मांग वाले उत्पाद ढेकी कुटा जवा फूल चावल, जो कि अपनी गुणवत्ता और स्वाद के लिए प्रसिद्ध है। पारंपरिक विधियों से तैयार किए गए इस चावल की सुगंध और स्वाद अनूठा है। वही महुआ और मिलेट लड्डू जो महुआ और मिलेट से बने यह लड्डू पौष्टिक और स्वादिष्ट होते हैं। यह लड्डू विशेष रूप से बच्चों और स्वास्थ्य प्रेमियों के बीच लोकप्रिय हैं।

**जशप्योर के उत्पादों की देश भर में मांग**

इसी तरह मिलेट आधारित पास्ता, यह पास्ता पारंपरिक गेहूं के पास्ता का एक स्वस्थ विकल्प है, जो स्वास्थ्य के प्रति सजग लोगों के लिए एक उत्तम विकल्प है। इनके अलावा कोदो, कुटकी, रागी, टाऊ एवं महुआ से बने विभिन्न उत्पाद संपूर्ण भारत में अपनी पहचान बना चुके हैं। जशपुर ब्रांड के उत्पादों की मांग अब केवल छत्तीसगढ़ तक सीमित नहीं है। जम्मू-कश्मीर से लेकर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तक, जशपुर ब्रांड के उत्पादों को अच्छा खासा प्रतिसाद मिल रहा है। इसका मुख्य कारण है उत्पादों की गुणवत्ता और स्वास्थ्यवर्धक गुण।

**जशप्योर से जुड़ी महिलाएं बनी आत्मनिर्भर**

जशप्योर के तहत बने जशपुर ब्रांड का उद्देश्य केवल व्यापार नहीं है, बल्कि यह आदिवासी महिलाओं का सशक्तिकरण और उनकी आर्थिक स्थिति को सुधारने का सफल प्रयास है। इस ब्रांड के माध्यम से इन महिलाओं को रोजगार का अवसर मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिली है। जशप्योर द्वारा निर्मित 'जशपुर ब्रांड' का हर उत्पाद इन महिलाओं की मेहनत और समर्पण का प्रतीक है। जशपुर ब्रांड के उत्पाद अब वेबसाईट पर उपलब्ध हैं, जहां से इन्हें आसानी से खरीदा जा सकता है। इसके साथ ही, देशभर में विभिन्न ऑफलाइन स्टोर्स पर भी ये उत्पाद उपलब्ध हैं, जो इस ब्रांड की व्यापक पहुंच का प्रमाण हैं।

**जशप्योर को लोकप्रिय बनाने प्रशासन प्रयासरत**

जशप्योर का यह जशपुर ब्रांड केवल एक व्यापारिक नाम नहीं है, बल्कि यह आदिवासी महिलाओं के परिश्रम, समर्पण और गुणवत्ता की एक कहानी है। जशपुर ब्रांड के माध्यम से अब पूरे भारत में लोग इस स्वाद और गुणवत्ता का आनंद उठा रहे हैं। आदिवासी महिलाओं के सशक्तिकरण की यह कहानी हर किसी के लिए प्रेरणादायक है। यह ब्रांड भविष्य में और अधिक लोकप्रिय हो, इसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिसका अब सुखद और सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ में 19 जुलाई के बाद होगी झमाझम बारिश, मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

**रायपुर । आरएनएस**

बारिश का इंतेजार कर रहे लोगों के लिए अच्छी खबर हैं। छत्तीसगढ़ में 19 जुलाई के बाद भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। रायपुर मौसम विभाग के मुताबिक, 19 जुलाई को बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दाब का क्षेत्र बनने की संभावना है, जिसकी वजह से छत्तीसगढ़ के अधिकांश जिलों में वर्षा होने के साथ झमाझम बारिश हो सकती है।

ात करें बारिश की तो सोमवार-मंगलवार को प्रदेश में हल्की बारिश हुई। सोमवार को रायपुर सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में दोपहर और शाम में रूक-रूककर बरसात देखने को मिली। इधर, मंगलवार को प्रदेश में बादल छाये रहे, इसी के साथ हल्की बारिश भी हुई। दोपहर में उमस वाली गर्मी का सामना लोगों को करना पड़ा। फिर रात में कुछ जिलों में बारिश हुई, जिससे रात के तापमान में गिरावट देखी गई।



राजधानी के कुछ इलाकों में दोपहर को बारिश का दौर जारी है। रायपुर में मौसम बदलने के साथ कुछ इलाकों में वर्षा भी शुरू है। दरअसल, एक निम्न दबाव का क्षेत्र विदर्भ एवं उससे लगे दक्षिण छत्तीसगढ़ के क्षेत्र में बना हुआ है और उससे सम्बद्ध चक्रवाती परिसंचरण औसत समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर तक विस्तारित है, जो ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है। एक कतरनी क्षेत्र लगभग 19 डिग्री उत्तर में औसत समुद्र तल से 3.1 और 7.6 किमी ऊपर स्थित है, जो ऊंचाई के साथ दक्षिण की ओर झुका हुआ है। 3)19 जुलाई को पश्चिम मध्य और उससे सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक नया कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 197.5 मिमी, बलरामपुर में 336.5 मिमी, जशपुर में 239.8 मिमी, कोरिया में 247.8 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 204.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 250.4 मिमी, बलौदाबाजार में 290.4 मिमी, गरियाबंद में 326.4 मिमी, महासमुंद में 217.8 मिमी, धमतरी में 279.1 मिमी, बिलासपुर में 326.2 मिमी, मुंगेली में 314.7 मिमी, रायगढ़ में 327.6 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 190.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 291.3 मिमी, सक्ती में 253.9 कोरबा में 386.7 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 340.7 मिमी, दुर्ग में 178.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 252.4 मिमी, राजनांदगांव में 226.2 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 241.8 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 185.6 मिमी, बालोद में 265.6 मिमी, बेमेतरा में 163.6 मिमी, बस्तर में 380.9 मिमी, कोण्डागांव में 282.7 मिमी, कांकेर में 270.7 मिमी, नारायणपुर में 311.3 मिमी, दंतेवाड़ा में 314.5 मिमी और सुकमा जिले में 444.7 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

## रिश्वत लेने वाले महिला टीआई को नही मिली जमानत

**रायपुर । आरएनएस**

एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा बीस हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार की गई महिला थाना प्रभारी वेदमति दरियो का जमानत आवेदन विशेष न्यायालय ने खारिज कर दिया. न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला दिया कि केस डायरी के अवलोकन से आर्थिक अपराध होना प्रथम दृष्या दर्शित है. प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आवेदिका की ओर से प्रस्तुत जमानत आवेदन अस्वीकार कर निरस्त किया जाताहै.विशेषन्यायाधीश(भ्र.नि.अधि.) एवं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश निधि शर्मा तिवारी की अदालत में उनकी जमानत आवेदन पर मंगलवार को सुनवाई की गई. आवेदिका की ओर से प्रस्तुत जमानत आवेदन में कहा गया कि उसे झूठा फंसाया गया है. आरोपित अपराध में आवेदिका की कोई भूमिका नहीं है. आवेदिका

शासकीय कर्मचारी और छत्तीसगढ़ की स्थायी निवासी है, जिसके फरार होने की संभावना नहीं है. आवेदिका जमानत दिए जाने पर न्यायालय द्वारा अधिरोपित समस्त शर्तों का पालन करने तैयार है. अत: निवेदन है कि जमानत का लाभ प्रदान किया जाए. राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो रायपुर की ओर से प्रस्तुत विरोध पत्र में उप संचालक अभियोजन मिथलेश वर्मा ने जमानत आवेदन को निरस्त किए जाने का निवेदन किया.

## बलौदा बाजार हिंसा का मास्टरमाइंड सरकारी शिक्षक निलंबित

**बलौदाबाजार । आरएनएस**

बलौदा बाजार आगजनी और हिंसा के मास्टरमाइंड और सरकारी स्कूल के शिक्षक मोहन बंजारे को निलंबित कर दिया गया है। बीते 15 जुलाई को मोहन बंजारे समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। मोहन बंजारे पर धरना-प्रदर्शन के दौरान मौजूद भीड़ को उकसाने के आरोप लगे है। उनके विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में धारा 147, 148, 149, 294, 506, 186, 353, 332, 307, 435, 120बी, 427 भादवि सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3,4 के अन्तर्गत दिनांक 15 जुलाई 2024 को गिरफ्तार कर विधिवत न्यायिक रिमाण्ड पर लिया गया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (2) (क) के तहत किया गया है। निलंबन अवधि में सम्बंधित को नियमानुसार केवल जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। बता दें कि कुछ दिनों पहले पुलिस ने भीम क्रांतिवीर छात्र संघ प्रदेश अध्यक्ष गोपी बंदे और भीम क्रांतिवीर उपाध्यक्ष संदीप कोसले को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। इन दोनों आरोपियों पर आंदोलन की तैयारी, रूपरेखा बनाने, आंदोलन के लिए अनुमति और आयोजक समिति के अहम सदस्यों के रूप में शामिल होने का आरोप है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान वीडियो, सीसीटीवी फुटेजों के आधार पर की। वहीं अब तक के इस मामले में 158 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रवेश प्रारंभ

**रायगढ़**

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत जिले में पंजीकृत संस्थान के माध्यम से नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार/स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रशिक्षण हेतु इच्छुक युवक-युवतियां संबंधित प्रशिक्षण संस्थान, लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ तथा जिला कौशल विकास प्राधिकरण जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र परिसर, मरीन ड्राइव एसईसीएल रोड रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं।

सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की पंजीकृत संस्थान एवं संचालित कोर्स-लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ में इलेक्ट्रिशियन, सिलाई मशीन, प्लंबर, रिटेल सेल्स एसोसिएट, डाटा एंट्री आपरेटर संचालित है। इसी तरह किरोड़ीमल शा. पॉलिटेक्निक रायगढ़ में इलेक्ट्रिशियन, शा.आईटीआई रायगढ़ में ड्राइविंग असिस्टेंट एवं इलेक्ट्रिशियन, शा.महिला आईटीआई रायगढ़ में सिलाई मशीन, डाटा एंट्री आपरेटर, शा.आईटीआई पुसौर में फिल्ड टेक्निशियन अदर होम एप्लिएंस, शा.आईटीआई खरसिया में डाटा एंट्री आपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, शा.आईटीआई घरघोड़ा में प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, शा.आईटीआई लैलूंगा-प्लंबर, 9. शा.आईटीआई तमनार-इलेक्ट्रिशियन, आईकोनिक कम्प्यूटर एंड मल्टी एजुकेशन रायगढ़-डाटा एंट्री आपरेटर, सीसीटीव्ही इंस्टालेशन टेक्निशियन, सिलाई मशीन, गोल्डन फ्यूचर सेवा समिति रायगढ़-डाटा एंट्री आपरेटर, प्रगति इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल डेवलपमेंट रायगढ़ में सेक्रेटरी, आयुष शिक्षा समिति रायगढ़-मेडिकल लैबोरेटी टेक्निशियन, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, मनह कंसलटेंसी एंड कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट पुसौर में मेडिकल लैबोरेटी टेक्निशियन कोर्स में नि:शुल्क गैर अवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं।

## ठेकेदार सड़क की सीमा को छोड़कर कार्य करें: कलेक्टर साहू

- अपराध का झूठी वीडियो नहीं बनाएं : युवाओं को कलेक्टर की समझाइश
- कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा की बैठक ली

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

कलेक्टर धर्मेश साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा की बैठक ली। डीजे पर कार्यवाही के संबंध में बैठक में चर्चा हुई। बैठक में कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी ठेकेदारों के साथ विद्युत, पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाईवे के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करें और ठेकेदारों को समझाएं कि सड़क के निर्धारित सड़क की सीमा को छोड़कर जल जीवन मिशन की पाईप लाइन बिछाने का कार्य करें। इसी प्रकार विद्युत अधिकारी भी निर्धारित सड़क की सीमा को छोड़कर विद्युत खंभा स्थापित करें। कलेक्टर ने बैठक में हरदी से दानसरा तक सड़क चौड़ीकरण करने सहित दुर्घटनाजन्य ब्लॉक स्पॉट कुधरी, टुंडरी, कनकबीरा, खम्हरिया आदि के पास दिशासूचक और आवश्यक निर्माण कार्य करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में कलेक्टर ने जिले के पशुपालकों को कहा कि वे अपने गाय, बछड़े आदि का देखभाल अच्छे से अपने घरों में करें, खुला न छोड़ें और सड़क पर बिल्कुल भी नहीं बैठे इस बात का ध्यान रखें और घर पर व्यवस्था करें। कलेक्टर ने इसकी रोकथाम की रूपरेखा तैयार की है, जिसके लिए बुनियादी तौर पर पशु चिकित्सा विभाग को गाय बछड़े को पशुपालक के नाम की टैगिंग की जाएगी। यदि गाय सड़क पर मिले तब उसे पंचायत और नगरीय निकाय विभाग द्वारा धरपकड़ कर संबंधित पशुपालक से जुर्माना वसूला जाएगा, उस जुर्माना राशि से पशुओं को देखभाल के लिए चारा पानी की व्यवस्था की जाएगी। यदि कांजी हाउस से पशुपालक गाय बछड़े को घर नहीं ले जाते तो उनके विरूद्ध कुर्की जैसे कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर ने युवाओं को समझाइश दिए हैं कि वे जिले की शांति व्यवस्था को तोड़ने और अपराध चोरी, डकैती, अपहरण, लूट जैसे वारदात का झूठी वीडियो बनाकर मोबाइल से अपलोड नहीं करें। यदि युवाओं द्वारा ऐसा किया जाता है तो उसके विरूद्ध पुलिस की कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों ऐसी झूठी वीडियो सारंगढ़ में बनाई गई थी, उन युवकों के विरूद्ध कलेक्टर ने कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश एसडीएम और पुलिस अधिकारी को दिए।

## मुख्यमंत्री ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की

- छत्तीसगढ़ को अयोध्या तक मिलेगी सीधी कनेक्टिविटी, नए राष्ट्रीय राजमार्ग का प्रस्ताव
- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात
- छत्तीसगढ़ में सडक़ परियोजनाओं और आदिवासी क्षेत्रों की कनेक्टिविटी पर चर्चा
- केंद्रीय सडक़ निधि के अंतर्गत 1383 करोड़ के कार्यों के स्वीकृति का किया अनुरोध

**रायपुर । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज केंद्रीय सडक़ एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से उनके निवास पर मुलाकात की। बैठक में राज्य में चल रही सडक़ परियोजनाओं और आदिवासी क्षेत्रों में व अयोध्या तक सीधी कनेक्टिविटी बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने राज्य में सडक़ परिवहन को और अधिक सुलभ व सुविधाजनक बनाने के लिए नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा। जिस पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, राहुल भगत, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी और भारत सरकार के अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति एवं सुदूर आदिवासी वनांचलों को मुख्य मार्गों से जोडऩे के लिए नए राष्ट्रीय राजमार्ग का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने रायगढ़-धरमजयगढ़-मैनपाट-अंबिकापुर-उत्तरप्रदेश सीमा तक कुल 282 किमी तक के मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की है। साय ने बताया यह मार्ग प्रदेश के चार जिलों से होकर गुजरता है एवं धार्मिक नगरी अयोध्या से छत्तीसगढ़ राज्य को जोडऩे वाला मुख्य मार्ग है। मुख्यमंत्री ने कवर्धा-राजनांदगांव-भानुप्रतापपुर-अंतागढ़-नारायणपुर-गीदम-दंतेवाड़ा-सुकमा मार्ग को भी राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने बताया यह कुल 482 किमी लंबा राज्य के कुल 6 राष्ट्रीय राजमार्गों एवं 5 जिला मुख्यालय को जोडऩे वाला अति महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग के निर्माण होने से बस्तर का नक्सल प्रभावित क्षेत्र मुख्यमार्ग से जुड़ेगा एवं नक्सल गतिविधियों में कमी आएगी।

इसके साथ ही उन्होंने कहा रायपुर शहर से तीन राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं। एनएच 130बी से 53 को जोडऩे वाले मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा यह मार्ग एनएच घोषित होने से रायपुर शहर का रिंग रोड पूर्ण रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग हो जाएगा।

इसके अलावा उन्होंने रतनपुर-लोरमी-मुंगेली-नांदघाट-भाटापारा-बलौदाबाजार मार्ग, केंवची-पेंड्रारोड-पसान-कटघोरा मार्ग, मुंगेली-नवागढ़-बेमेतरा-धमधा-दुर्ग-झलमला मार्ग, राजनांदगाँव-मोहला-मानपुर मार्ग, पंडरिया-बजाग-गाड़ासरई मार्ग को भी राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री ने रखा है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU